प्रेस रिलीज (फोटोग्राफ संलग्न)

‘म्यूजिक इन द पार्क’

पंडित शिवकुमार शर्मा ने सेंट्रल पार्क में दी संतूर की मनमोहक प्रस्तुति

जयपुर, 15 जनवरी। प्रसिद्ध भारतीय संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा ने जयपुर के सेंट्रल पार्क में आज शाम ‘म्यूजिक इन द पार्क’ कार्यक्रम में संतूर की मनमोहक प्रस्तुति दी। उन्होंने इस अवसर पर सांध्यकालीन राग ‘पूरीया कल्याण’ को रूपक और तीन ताल में बजा कर संगीत प्रेमियों की तालियां बटोरी। उन्होंने आलाप से राग आरम्भ करते हुए बेहद खूबसूरती से जोड़ और झाला प्रस्तुत किये।

यह कार्यक्रम राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) और स्पिक मैके के सहयोग से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पंडित शिव कुमार शर्मा ने जयपुरवासियों की हिम्मत की सराहना करते हुए कहा कि अत्यधिक सर्दी होने के बावजूद इतनी अधिक संख्या में संगीत प्रेमियों का आना जयपुरवासियों की विशेषता है। उन्होनें आगे कहा कि संगीत को अध्यात्म से जोडेंगे तो शान्ति प्राप्त होगी और इसे महसूस करने की कोशिश करेंगे तो इससे स्वतः ही जुड जायेंगे।

कार्यक्रम में पंडित शिव कुमार शर्मा की तबले पर पंडित राम कुमार मिश्रा और तानपुरे पर ताका हीरो अराई ने संगत की।

For further details please contact:

Ms. Punita Singh
Dy. Director (Fairs & Festival)
Department of Tourism, Government of Rajasthan
M: 0141 – 51551111

Media Coordination:

Jagdeep Singh
M: 09829065787

Kamal Kant
M: 09571836810